छोटी बर्फ की लड़की

रूसी लोककथा

कैरोलिन क्रोल

छोटी बर्फ की लड़की

रूसी लोककथा

कैरोलिन क्रोल

बहुत समय पहले पावेल नाम का लकड़ी तराशने वाला आदमी और उसकी पत्नी कैटरिना रूस में रहते थे. वे अमीर नहीं थे, लेकिन वे गरीब भी नहीं थे. उनके पास रहने के लिए अच्छा घर, पहनने के लिए गर्म कपड़े और खाने के लिए काफी कुछ था. उनकी शादी को कई साल हो गए थे और वे एक-दूसरे से बहुत प्यार करते थे, लेकिन वे दुखी थे क्योंकि उन्हें दुनिया में किसी भी चीज से ज्यादा अगर एक चीज की जरूरत थी, वो थी उनका खुद का बच्चा.

अब फिर से क्रिसमस का समय था और कैटरिना और पावेल को ऐसा लग रहा था कि गाँव के अन्य सभी घर उज्ज्वल आंखों वाली लड़कियों और लड़कों से भरे हुए थे, जो क्रिसमस गीत – यानि कैरोल गा रहे थे.

बच्चे और अच्छा बनने की कोशिश कर रहे थे ताकि क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जब बूढ़ी बबुशका घर-घर जाए तो वो उनके लिए बढ़िया उपहार लाए. इससे कैटरिना और पावेल और भी दुखी हुए.

एक दिन गाँव में बर्फ़ गिर रही थी और कैटरिना और पावेल बच्चों को खेलते हुए देख रहे थे. जब कैटरिना चाय बनाने के लिए समोवर की ओर मुड़ी तो पावेल ने कैटरिना को अपने आंसू पोंछते हुए देखा.

जब पावेल ने फिर से बाहर देखा तो बच्चे बर्फ का एक स्नोमैन बना रहे थे. उनकी मस्ती देखकर पावेल मुस्कुरा दिया.

बाद में उस रात जब कैटरिना गहरी नींद में सो रही थी, पावेल बच्चों के खेलने के बारे में सोचकर जागा हुआ था. कैटरिना बच्चों को देखकर कितनी उदास थी? तब पावेल को एक विचार आया.

वो चुपचाप बिस्तर से उठा, उसने कपड़े पहने, अपनी लालटेन ली और उसने रात में बाहर कदम रखा.

पावेल ने बर्फ को इकठ्ठा करके उसे थपथपाना शुरू किया. यह एक कठिन काम था और उसकी उँगलियाँ जम गईं थीं, लेकिन पावेल ने उनपर कुछ ध्यान नहीं दिया. सुबह होने से पहले उसने अपना काम पूरा कर लिया था.

पावेल इतना उत्साहित था कि वो कैटरिना को यह दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता था कि उसने क्या बनाया था.

पावेल ने कहा, "मुझे तुम्हें जगाने के लिए खेद है, मेरी प्रिय, लेकिन कुछ ऐसा है जो तुम्हें अवश्य देखना चाहिए."

कैटरिना ने अपनी आँखें मलीं, शाल पहना और पावेल के पीछे-पीछे अहाते में चली गई.

"देखो, वो असली बच्ची नहीं है, लेकिन वो हमारी है," पावेल ने कहा.

पहले तो कैटरिना बहुत खुश हुई, लेकिन जैसे ही उसने छोटी स्नोगर्ल (बर्फ की लड़की) को देखा, वह फिर से उदास हो गई.

कैटरिना ने कहा, "काश वो केवल बोल सकती, और वो अन्य बच्चों की तरह दौड़ सकती और खेल सकती."

जैसे ही कैटरिना ने यह कहा, कुछ अजीब हुआ.

"वो अवश्य ही सुबह का प्रकाश होगा," पावेल ने अनिश्चितता से कहा.

लेकिन फिर उन दोनों ने छोटी स्नोगर्ल (बर्फ की लड़की) को हंसते हुए सुना. कैटरिना और पावेल ने उसे देखा और फिर कैटरिना ने कहा, "पति, यहाँ बहुत ठंड है. हमें उस बच्ची को अपने घर में लाना चाहिए जहाँ अधिक गर्मी है. अंदर आओ, दोचिंका, छोटी बेटी."

"माता और पिताजी, मुझे घर में नहीं जाना चाहिए. मैं बर्फ की बेटी हूँ, और मुझे वहीं रहना चाहिए जहाँ ठंडी हवा चलती हो," छोटी स्नोगर्ल ने कहा.

"शायद तुम भूखी होगी, दोचिंका?" कैटरिना ने पूछा. "मैं तुम्हारे लिए कुछ अच्छा गर्म दलिया लाती हूँ."

"धन्यवाद, प्रिय माँ, लेकिन आपका दलिया मेरे लिए बहुत गर्म होगा. यदि आप एक कटोरी में कुछ बर्फ को कुचल देंगी, तो वो मेरे लिए अच्छा दलिया होगा," छोटी स्नोगर्ल ने कहा.

इतने ठंडे नाश्ते के बारे में सोचकर ही कैटरिना कांप उठी, लेकिन उसने छोटी स्नोगर्ल को वही दिया जो उसने मांगा.

जैसे ही छोटी स्नोगर्ल ने खाना खत्म किया, गाँव के बच्चे खेलने के लिए बाहर आ गए. छोटी स्नोगर्ल बाकी बच्चों से मिलने के लिए दौड़ी, और वे बच्चे भी एक नए दोस्त को पाकर बहुत खुश हुए.

कैटरिना और पावेल बच्चों को एक साथ देख रहे थे और इस बार जब पावेल ने कैटरिना की आंखों में आंसू देखे तो उसे पता था कि वे खुशी के आंसू थे.

जब शाम हुई और गांव के बच्चे खाने के लिए घर चले गए तब कैटरिना ने कहा, "दोचिंका, तुम अपने सारे दिन के खेल से भूखी और थक गई होगी. घर में अंदर आओ और मैं तुम्हारे लिए कुछ गर्म गोभी का सूप और चूल्हे के पास तुम्हारे लिए बिस्तर बना दूँगी."

"प्रिय माँ, आप बहुत दयालु हैं, लेकिन मैं बर्फ की बेटी हूँ, और मुझे वहीं रहना चाहिए जहाँ ठंडी हवा चलती हो. इसलिए, मुझे गर्म गोभी का सूप नहीं खाना चाहिए, और मैं यहाँ बाहर अपना बिस्तर लगाकर खुश हूँ," उसने कहा.

बेचारी कैटरिना. उसने या पावेल ने जो कुछ भी कहा, उससे छोटी स्नोगर्ल का दिमाग बिलकुल भी नहीं बदला. इसलिए, फिर पावेल ने बच्ची के लिए एक नरम बर्फ का बिस्तर बनाया, और कैटरिना ने उसके लिए लकड़ी के कटोरे में कुछ बर्फ कुचल दी.

छोटी स्नोगर्ल ने अपना सारा बर्फीला खाना खा लिया, और फिर कैटरिना और पावेल ने उसे उसके जमे हुए बिस्तर में लिटा दिया और उसके ठंडे छोटे गाल को चूम लिया.

कैटरिना और पावेल ने क्रिसमस का ऐसा स्वागत किया जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं किया था. फिर वे अपनी नन्ही स्नोगर्ल के लिए उपहार बनाने में लग गए.

जबकि कैटरिना ने मशरूम और शहद के केक बनाए, छोटी स्नोगर्ल ने केतली को साफ नई बर्फ से भर दिया जिससे पिघलाकर सूप बनाया जा सके. फिर उसने लकड़ी इकट्ठा करने में पावेल की मदद की.

"इतनी अच्छी और मददगार बच्ची है," पावेल ने कहा.

कैटरिना ने कहा, "अगर वो गर्म चूल्हे के पास सोती और गर्म दलिया और गोभी का सूप खाती, तो मुझे उसकी बिलकुल चिंता नहीं होती."

क्रिसमस की पूर्व संध्या पर कैटरिना ने रात का खाना टेबल पर रखा.

"प्रिय दोचिंका, निश्चित रूप से तुम ओवन का गर्म क्रिसमस केक खाओगी?" कैटरिना ने पूछा.

लेकिन छोटी स्नोगर्ल सिर्फ कुचला हुआ बर्फ ही चाहती थी.

जब वो बर्फ खा रही थी, तब पावेल ने उसे बूढ़ी बबुशका के बारे में बताया.

पावेल ने कहा, "क्रिसमस की पूर्व संध्या पर, जब हर कोई सो रहा होता है, तब बूढ़ी बबुशका अपनी मोमबत्ती लेकर आती है, वो हर घर में अच्छे और प्यारे बच्चों की तलाश करती है ताकि वो उन्हें वो दे सके जो वे बच्चे दुनिया में सबसे ज्यादा चाहते हैं."

"इसलिए तुम भी सोचो कि तुम उससे क्या माँगोगी," कैटरिना ने मुस्कराते हुए कहा.

"मेरे पास वह सब कुछ है जो मैं पहले से ही चाहती थी," छोटी स्नोगर्ल ने कहा.

लेकिन जब कैटरिना और पावेल उसे गुड नाईट कहने, गले लगाने और चूमने के लिए झुके, तो उनके चेहरों पर इतना प्यार था कि नन्ही स्नोगर्ल ने सोचा, "मुझे पता है कि मुझे बूढ़ी बबुशका से क्या माँगना चाहिए."

कैटरिना और पावेल बिस्तर पर लेट गए लेकिन कैटरिना को नींद नहीं आ रही थी.

"किस तरह के माँ और पिता अपनी छोटी बेटी को बर्फ में और क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सोने देते हैं?" कैटरिना ने कहा. "अगर वो घर में नहीं होगी तो बबुशका उसे कभी ढूंढ भी नहीं पाएगी."

"लेकिन वो कहती है कि उसे बाहर ही रहना चाहिए," पावेल ने नींद में कहा.

"ठीक है, हमें वही करना चाहिए जो हमें कर सकते है!" कैटरिना फुसफुसाई.

क्रिसमस की सुबह कैटरिना और पावेल अपनी छोटी बेटी को गले लगाने और उसे उपहार देने के लिए इंतजार नहीं कर सकते थे.

"उठो, प्यारी दोचिंका. आओ और देखो बबुशका तुम्हारे लिए क्या लाई है."

लेकिन छोटी स्नोगर्ल बिल्कुल नहीं हिली.

"हमने क्या किया है?" कैटरिना और पावेल एक साथ रोए.

"मैं खुद को कभी माफ नहीं करूंगी," कैटरिना रो पड़ी.

अफसोस की बात है. फिर पावेल ने लकड़ी के तराशे भालू को उठाया और उसे अपनी छड़ी पर नचाया.

तभी अचानक उन्हें एक हल्की सी हंसी सुनाई दी.

कैटरिना और पावेल घूमे और वहां उनकी नन्ही स्नोगर्ल खड़ी थी, लेकिन कुछ अलग था.

"बबुशका ने मुझे वो दिया जो मैं दुनिया में सबसे ज्यादा चाहती थी, जैसा आपने कहा था, पिताजी. मैं अब बर्फ की बच्ची नहीं हूं, और मैं आग की गर्मी को सह सकती हूं," उनकी छोटी बेटी ने गाया, और फिर उसने अपनी दोनों बाहें अपने माता-पिता के गले में डाल दीं. लेकिन इस बार उसकी बाहें गर्म थीं.

अंत